# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- nssrmpssuniversity@gmail.com 7302632933


पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 55 / 2023 दिनांकः—19 मार्च, 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः—विश्व क्षय रोग दिवस **(World Tuberculosis)** दिनांक 24.03.2023 को क्षयरोग उन्मूलन हेतु सभी राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों में निक्षय—दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक प्रमुख सचिव, कुलाधिपति राज्यपाल, सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ के संलग्न पत्र सं0—ई—1656 / 32—जी0एस0 / 2023—(XIII) दिनांक 17 मार्च, 2023 तथा आर0एम0पी0यू0 / 1094 / 2023 दिनांक 18 मार्च, 2023 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के अनुसार दिनांक 24.03.2023 को विश्व क्षय रोग दिवस **(World Tuberculosis day)** निक्षय दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्देश दिया है, अतः राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गावों / बस्ती में क्षय रोगियों को चिन्हित करें। प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक गॉव को गोद लेकर उसमें शासन के सहयोग से निक्षय दिवस मनाये तथा सभी महाविद्यालय की प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा कम से कम 10 क्षय रोगियों को पोषण पोटली (भुना चना, सोयाबडी, पोष्टिक बिस्कुट, गुड मूंगफली की चिक्की, मूंगफली दाना, चने व जौ का सत्तू, फल इत्यादि) दिनांक 24 मार्च, 2023 को अवश्य वितरित किया जाये तथा इसकी रिपोर्ट तथा फोटोग्राफ्स nssrmpssuniversity@gmail.com पर ईमेल करें।

भवदीया,

नीता वार्ष्णेय
समन्वयक
आर0एम0पी0एस0एस0यू0
अलीगढ

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़।
4. राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना उ0शि0वि0 उ0प्र0 शासन।

समन्वयक
आर0एम0पी0एस0एस0यू0
अलीगढ

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ–226027

संख्याःई– 1656 / 32–जी0एस0 / 2023–(XIII)
दिनॉकः 17, मार्च–2023

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति की प्रमुख सचिव,**
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

**कुलपति / निदेशक,**
उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– **विश्व क्षय रोग दिवस (World Tuberculosis Day) दिनॉक 24–03–2023 को क्षयरोग उन्मूलन हेतु सभी राज्य विश्वविद्यालयों / संस्थानों में निक्षय–दिवस के रूप में मनाये जाने विषयक।**

**महोदय / महोदया,**

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में जैसा कि आप अवगत हैं कि देश को क्षय रोग से मुक्ति दिलाने के लिये देश व प्रदेश में व्यापक पैमाने पर मुहिम चलाई जा रही है। क्षयरोग (टी0बी0) संक्रामक बीमारी और उसके स्वास्थ्य परिणामों के बारे में जन जागरूकता फैलाने तथा देश व प्रदेश में क्षय रोग(टी0बी0) महामारी की समूल समाप्ति हेतु विभिन्न स्तरों पर निरन्तर आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं।

उक्त परिप्रेक्ष्य में राजभवन सहित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों / संस्थानों व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में दिनॉक 24–03–2023 को विश्व क्षय रोग (World Tuberculosis Day) दिवस को "निक्षय दिवस" के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है जिसमें विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा गोद लिये गये गॉवों में चिन्हित क्षय रोगियों को गोद लिया जाना अपेक्षित है। विश्व क्षय रोग दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी से आवश्यक समन्वय स्थापित करके क्षय रोगियों को चिन्हित किया जाये तथा चिन्हित रोगियों पर क्षय रोग(संक्रामक बीमारी) की समुचित जॉचें, परामर्श एवं जन जागरूकता गतिविधियों व उन्मूलन पर जोर दिया जाये। विश्वविद्यालय / संस्थानों व उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा गोद लिये गये गॉवों के चिन्हित रोगियों से उनके पोषण व स्वास्थ्य एवं नियमित उपचार / निदान तथा रोगियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित दवाइयों एवं पोषण पोटली की उपलब्धता के बारे में समुचित जानकारी संकलित की जायेगी। इसके साथ ही क्षय

रोगी को मिलने वाली पोषण पोटली का उपयोग क्षय रोगी ही करें, इसके लिये स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपेक्षित फॉलोअप भी करें। जिन गॉवों को विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा गोद लिया गया है, उन गॉवों में शासन के सहयोग से निक्षय मित्र बनाये जायें। विश्वविद्यालयों/संस्थानों की ओर से इस अवसर पर चिन्हित रोगियों को एक **"पोषण पोटली"** वितरित की जाये, जिसमें भुना चना, गुड, मूँगफली, चिक्की, सत्तू, पौष्टिक बिस्किट और अन्य आवश्यक पोषक सामग्री शामिल हों।

उक्त परिप्रेक्ष्य में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनॉक 24-03-2023 को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर तदनुसार विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में निक्षय दिवस के रूप में उपरोक्तानुसार कार्यक्रम आयोजित कराने तथा कृत कार्यवाही की एक विस्तृत आख्या छायाचित्रों सहित इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(कल्पना अवस्थी)
कुलाधिपति की प्रमुख सचिव।

# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर०एम०पी०यू० /1094/ 2023 दिनांकः 18 मार्च, 2023

**सेवा में,**

**प्रो० नीता वार्ष्णेय,**
**कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना,**
**राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।**

**विषयः विश्व क्षय रोग दिवस (World Tuberculosis) दिनांकः 24.03.2023 को क्षयरोग उन्मूलन हेतु सभी राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में निक्षय–दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक प्रमुख सचिव, कुलाधिपति, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–ई–1656/32–जी0एस0/2023–(XIII), दिनांकः 17 मार्च, 2023 का अवलोकन करने कष्ट करें।

उपर्युक्त सन्दर्भित पत्र में अंकित किया गया है कि दिनांकः 24.03.2023 को विश्व क्षय रोग दिवस (World Tuberculosis Day) निक्षय–दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्देश दिया है तथा पूर्व में गोद लिये गये गॉवों में क्षय रोगियों को चिन्हित कर पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

**<u>संलग्नकः यथोपरि।</u>**

**भवदीय,**

**(महेश कुमार)** 18/3/23
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त महाविद्यालय, सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि राजभवन के संलग्न पत्र दिनांकः 17.03.2023 में दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा उसकी अनुपालन आख्या कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना को उनके ई–मेल– nssrmpssuniversity@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. गार्ड फाईल।

18/03/23
**सहायक कुलसचिव**